हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 दिसंबर 2025

06 कोलुआ में एकल अभियान के तहत स्वास्थ्य...



07 संतों के जयघोष से गूंज गईं नगर की गलियां






## समाचार संक्षेप

### भाजपा जनों ने मन की बात का साल का आख़िरी एपिसोड सुना



**गुना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला मन की बात का साल का अंतिम एपिसोड भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बूथ क्रमांक 59 पर श्रवण किया ।इसके पूर्व पार्टीजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने शक्ति केंद्र की बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को विस्तार से बताया ।इस अवसर पर गुना मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत,नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी,बूथ अध्यक्ष सतीश रावत, रवि सोनी,रमेश मालवीय अभय शर्मा, हरीश उरैया, अभिषेक शर्मा, माखन प्रजापति, शिवकुमार ब्रह्मभट्ट, नीतू मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

### सायं कालीन निःशुल्क नवीन योग कक्षा का शुभारंभ कल से



**गुना।** अभी हाल ही में हरीद्वार में 19 से 22 दिसंबर 2025 तक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार मे जिला, राज्य, और तहसील प्रभारीयो व पदाधिकारी के विशेष प्रशिक्षण शिविर में योग गुरु परम तेजस्वी योग ऋषि स्वामी रामदेव व मुख्य केंद्रीय प्रभारी पूज्य स्वामीपरमार्थ देव जी द्वारा दिए गए निर्देशों व प्रेरणा एवं आगामी कार्य योजना के अनुसार प्रशिक्षण में बताया गया कि जिन स्थानों पर प्रातः कालीन योग कक्षाएं चल रही है वहां पर सायं कालीन योग कक्षाओं को भी प्रारंभ किया जाए तथा जहां पर प्रातः कालीन योग कक्षाएं चल रही है उनकी संख्या और बढ़ाई जाए प्रशिक्षण में प्राप्तनिर्देशों व प्रेरणा से प्रेरित होकर इसी क्रम में पतंजलि योग समिति गुना की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शहर में भी सायं कालीन योग कक्षाओ को प्रारंभ किया जाए, योग गुरु स्वामी रामदेव के विचार अनुसार घर-घर योग की गंगा पहुंचाने की दिशा में गुना शहर में अब सायं कालीन योग कक्षा का प्रारंभ पतंजलि परिवार माध्यम से शुरू किया जा रहा है शहर वासियों के लिए शीघ्र ही सायं कालीन योग कक्षा की शुरुआत स्वतंत्रता पार्क पी.जी. कॉलेज के सामने गुना (मध्य प्रदेश) में 30 दिसंबर मंगलवार साय5 बजे से 6.30 बजे तक सायं कालीन योग कक्षा पतंजलि योग समिति के सहयोग से निशुल्क नवीन योग कक्षा प्रारंभ होने जा रही है ।



### चाचौड़ा में सौंदर्यीकरण की नई पहल-मुख्य मार्ग पर लगाए गए सुंदर गमले

**चाचौड़ा।** नगर को आकर्षक, स्वच्छ एवं पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु प्रशासन ने सौंदर्यीकरण कार्यों की गति तेज कर दी है। नगर परिषद एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त पहल पर शहर के मुख्य मार्ग- जो अब "चंपावती पथ" के नाम से जाना जाएगा की दोनों ओर सुंदर गमले रखकर हरे-भरे पौधे लगाए गए हैं। एसडीएम रवि मालवीय एवं नगर परिषद के मुख्य नगर अधिकारी ओम त्र्यंबकेश्वर शर्मा के नेतृत्व में नगर परिषद के कर्मचारियों ने यह कार्य संपन्न कराया। प्रशासन का मानना है कि चाचौड़ा न केवल ऐतिहासिक महत्त्व रखता है, बल्कि यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर, धरोहरें और धार्मिक स्थल हैं, जिनके कारण इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की व्यापक संभावनाएँ हैं।एसडीएम रवि मालवीय ने बताया कि "चाचौड़ा एक ऐतिहासिक नगरी है। यहाँ स्थित धरोहरों व मंदिरों का अपना विशिष्ट महत्व है। हमारा उद्देश्य नगर को सौंदर्यपूर्ण बनाते हुए इसे पर्यटक मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाना है। इसी क्रम में आज मुख्य मार्ग पर गमले लगाए गए हैं और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।"चाचौड़ा के प्रमुख आकर्षण श्री बाग बागेश्वर धाम, श्री अंबाला धाम, श्री छान सरकार हनुमान मंदिर, प्राचीन सीता बावड़ी, चौडालेश्वर महादेव एवं ऐतिहासिक किला-को भी संवारकर पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

### सम्मान व प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**गुना।** पटेलिया समाज गुना समिति के तत्वावधान में कक्षा 5, 8, 10 एवं 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, बीए, एमए सहित अन्य डिप्लोमाधारी छात्र-छात्राओं, नवीन कर्मचारियों तथा वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम उमरी रोड, मंगवार स्थित धर्मशाला में संपन्न होगा। समारोह के दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों एवं सेवाभावी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।धर्मशाला समिति के अध्यक्ष मनसुख बामनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा, प्रतिभा एवं सेवाभाव को प्रोत्साहित करना है।

## कड़ाके की ठंड में कलेक्टर बने सहारा, गरीबों को बांटे कंबल

### सेवाभावी संस्थाओं व समाज से जनसहयोग की मार्मिक अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना






जब शहर गहरी नींद में था और ठंड अपने चरम पर थी, तब जिले के कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए अधिकारियों के साथ स्वयं सड़कों पर उतरे।

कड़ाके की सर्दी से ठिठुरते जरूरतमंदों के लिए वे सिर्फ निर्देश देने तक सीमित नहीं रहे, बल्कि खुद कंबल लेकर उनके बीच पहुंचे और सहारा बने।गत रात्रि कलेक्टर कन्याल ने हनुमान चौराहा, रेलवे स्टेशन रोड, रैन बसेरा, जिला चिकित्सालय सहित शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। जहां-जहां बेसहारा और जरूरतमंद मिले, वहां उन्होंने स्वयं कंबल वितरित किए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान कई बुजुर्ग, असहाय और सड़क किनारे जीवन गुजार रहे लोगों के चेहरे पर राहत और अपनापन साफ नजर आया।कलेक्टर श्री कन्याल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति असुविधा का शिकार न हो।

इसके लिए सतत निगरानी रखते हुए रैन बसेरों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।इस मानवीय पहल के साथ कलेक्टर ने समाज के सभी वर्गों से भावुक अपील भी की। उन्होंने कहा कि तेज सर्दी के इस दौर में जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। आम नागरिक, सामाजिक संस्थाएं और जनप्रतिनिधि आगे आकर कंबल, गर्म कपड़े एवं अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराएं, ताकि कोई भी गरीब ठंड के कारण पीड़ा न सहे।

इस सेवा कार्य के दौरान एसडीएम शिवानी पांडे, तहसीलदार जी.एस. बैरवा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।कलेक्टर की यह पहल न केवल प्रशासनिक कर्तव्य का उदाहरण है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रेरणादायक मिसाल भी है, जिसने समाज को आगे बढ़कर जरूरतमंदों का हाथ थामने का संदेश दिया है।

### शहर की कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती दे रहे मुख्य आरोपी पर पहले से कई केस

## अमेरिका से आए युवक के हमलावर चार लुटेरे गिरफ्त में, चांदी की चेन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देने वाले शांति पब्लिक स्कूल लूटकांड का आखिरकार पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। 25 दिसंबर की रात अमेरिका से अपनी बहन की शादी में आए युवक के साथ हुई बेरहमी भरी मारपीट और लूट की वारदात में शामिल चार बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटी गई दो चांदी की चेनें भी बरामद कर ली गई हैं।

#### शांति पब्लिक स्कूल के पास हुई थी सनसनीखेज वारदात

दुर्गा कॉलोनी स्थित शांति पब्लिक स्कूल के पास हुई इस सनसनीखेज वारदात में फरियादी तरुण राठौर, जो अमेरिका की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, रात करीब 8:30 बजे घर लौट रहे थे। इसी दौरान आठ से दस बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और जबरन खेत की ओर ले जाकर बेरहमी से पीटा। सिर में गंभीर चोट लगने से तरुण बेहोश हो गए, जिन्हें बाद में दोस्त की




मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

#### चांदी की चेनें और करीब पांच हजार नकद लूटे

बदमाशों ने तरुण से दो चांदी की चेनें और करीब पांच हजार रुपए नकद लूट लिए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने मोबाइल के जरिए यूपीआई ट्रांजैक्शन कराने का दबाव भी बनाया, हालांकि तकनीकी कारणों से लेन-देन नहीं हो सका।घटना के बाद शहर में दहशत का माहौल बन गया था।

#### एक साथ कई टीमें मैदान में उतारीं

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने एक साथ कई टीमें मैदान में उतारीं और सटीक सूचना के आधार पर सूरज बरार, प्रमोद यादव, बलराम धाकड़ और दीपक नामदेव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल की, जिसके बाद लूटी गई चेनें भी बरामद कर ली गईं। पुलिस और भी मामले की जांच कर रही है।

#### मुख्य आरोपी पर पहले से ही कई आपराधिक मामले

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मुख्य आरोपी सूरज बरार पहले से ही कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है, जिससे इस पूरी वारदात को संगठित गिरोह द्वारा अंजाम दिए जाने की आशंका और मजबूत हो गई है। पुलिस अब अन्य फरार बदमाशों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

#### पुलिस द्वारा वारदात का कराया गया रीक्रिएशन

गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपियों को घटनास्थल लेकर पहुंची, जहां वारदात का रीक्रिएशन कराया गया। सड़कों पर बदमाशों को देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह जुलूस नहीं बल्कि जांच प्रक्रिया का हिस्सा था, ताकि ठोस साक्ष्य जुटाए जा सकें।शहर में बढ़ते अपराधों के बीच यह कार्रवाई पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है, वहीं आम जनता ने भी बदमाशों की गिरफ्तारी से राहत की सांस ली है।

## 26वीं बटालियन के जवानों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा बस यात्रियों की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस की वर्दी न केवल कानून की रक्षा के लिए है, बल्कि आम जन की सुरक्षा के लिए भी उतनी ही समर्पित है। इसका जीता-जागता उदाहरण गुना की 26वीं बटालियन के आरक्षकों ने पेश किया है, जिनकी तत्परता और सूझ-बूझ के कारण एक भीषण सड़क हादसा होने से बच गया।क्या है पूरा मामलाघटना उस वक्त की है जब एक यात्री बस ग्वालियर से वापस लौट रही थी। इस बस में वे यात्री सवार थे जो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम (अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट) में शामिल होने ग्वालियर गए थे। बस अपनी रफ्तार में थी, तभी पीछे से आ रहे 26वीं बटालियन के जवानों की नजर बस के इंजन से निकल रहे धुएं पर पड़ी। फिल्मी स्टाइल में रोका बस कोधुआं देखते ही जवानों को खतरे का अंदेशा हो गया। उन्होंने बिना एक पल गंवाए



सूझ-बूझ का परिचय दिया। जवानों ने तत्काल अपने वाहन की गति बढ़ाई और उसे बस के आगे ले जाकर लगा दिया, ताकि बस चालक को रुकने पर मजबूर किया जा सके। उनकी यह त्वरित कार्रवाई काम कर गई और बस को समय रहते रोक लिया गया।यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालाबस रुकते ही जवानों ने फुर्ती दिखाई और बस में सवार सभी यात्रियों को नीचे उतरवाया। यात्रियों के नीचे उतरते ही राहत की सांस ली गई, क्योंकि इंजन में आग सुलग रही थी जो कभी भी विकराल रूप ले सकती थी। यदि जवानों ने समय पर हस्तक्षेप न किया होता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।बस में सवार यात्री, जो ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम से लौट रहे थे, उन्होंने जवानों का आभार व्यक्त किया। 26वीं बटालियन के इन आरक्षकों ने साबित कर दिया कि खाकी हमेशा सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर रहती है।

## कर्जदारों से परेशान युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आरोन में एक युवक द्वारा जहर खाकर जान दे दी। मामले में परिजनों का आरोप है कि मृतक युवक के ऊपर कर्जा था और कर्जदार उसे परेशान कर रहे थे। उन्हीं के दबाव में आकर उसने ये कदम उठाया। उल्लेखनीय है कि चार-पांच दिन पूर्व भी बजरंगगढ़ क्षेत्र में कर्जदारों के दबाव में आकर एक युवक ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली थी। मिली जानकारी के अनुसार भूरा पुत्र रहीस खान निवासी आरोन द्वारा विगत दिवस जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार की सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों का आरोप है कि युवक के ऊपर कर्जा था और कर्जदार उसे परेशान कर रहे थे। इसी दबाव में आकर उसने जहर खाकर आत्महत्या करने का कदम उठाया।

> **इससे पहले भी बजरंगगढ़ क्षेत्र में कर्जदारों से तंग आकर की थी आत्महत्या**

## गुना में 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग मैचों का दूसरा दिन रहा रोमांचक पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले में 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर 2025 तक गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल की उपस्थिति में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित नोडल खेल केंद्र में आयोजित की जा रही हैं।

प्रतियोगिता में मैचों का रविवार दूसरा दिन है, प्रतियोगिता के पहले दिन हुए मैच में सेशन - 1 के 83 बाउडस कंप्लीट हो गई थी।आज दूसरे




दिन सुबह 8:30 बजे से ही मैच शुरू हो गए थे, जिनमें सेशन - 2 के 82 बाउड्स कंप्लीट हो गए हैं। सेशन - 3 के 52 अभी तक बाउड्स हो चुके हैं। इनमें 28 से 30 किलो वजन वर्ग में आठ मैच हुए, जिनमें हरियाणा, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, पंजाब, सीबीएससी, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के खिलाड़ी विनर रहे। 30 से 32 किलो वजन वर्ग में 8 मैच हुए दिन में सीबीएससी, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, मणिपुर, तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के खिलाड़ी विनर रहे।

## नववर्ष पर संकट मोचन हनुमान मंदिर में महाआरती 6 जनवरी को निकलेगी भव्य झंडा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नववर्ष के पावन अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंदिर, बरबटपुरा में भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। मंदिर परिसर में 1 जनवरी को संकट मोचन हनुमान जी की महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह आयोजन रविदास महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।मंदिर सेवक अशोक ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में इस वर्ष विशेष धार्मिक कार्यक्रम तय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी को वर्ष के प्रथम मंगलवार के अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंदिर, बरबटपुरा से श्री हनुमान टेकरी मंदिर तक एक विशाल एवं भव्य झंडा यात्रा निकाली जाएगी।उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 से लगातार निकाली जा रही इस झंडा यात्रा में इस बार एक विशेष आकर्षण रहेगा। पहली बार हनुमान जी की प्रतिमा को भव्य रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा, जो श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगी। झंडा यात्रा के दौरान भक्ति संगीत, जयकारों और धार्मिक उल्लास का वातावरण रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और धर्मलाभ प्राप्त करें।

### श्री राम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति द्वारा 12वां प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

## पोहरी विधायक ने किया कुशवाह समाज से आगे बढ़ने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्री राम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित 12वाँ प्रदेश स्तरीय युवक युवती एवं परिवार परिचय सम्मेलन रविवार 28 दिसंबर को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बूढ़े बालाजी स्थित कुशवाह मांगलिक भवन टेकरी रोड पर आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश सिंह कुशवाह विधायक पोहरी, कैलाश चंद्र कुशवाह, प्रदेश अध्यक्ष कछवाहा कुशवाहा क्षत्रिय महासभा एवं विशेष अतिथि के रूप में योगेश राष्ट्रवादी ओज बालकवि अनुज कुशवाह ने




टेकरी धाम पहुंचकर लिया टेकरी सरकार का आशीर्वाद लिया। कुशवाह प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय कुशवाह समाज उपस्थित रहेंगे। वहीं इस अवसर पर कुशवाह समाज की युवक युवती परिचय सम्मेलन की पुस्तिका का भी विमोचन किया एवं वर्ष 2024- 25 के 10वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं जिन्होंने 75% अंक के साथ कक्षा उत्तीर्ण करने वाले एवं गुना जिले के




समाज का गौरव बढ़ाने वाले सभी क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वालों का सम्मान भी किया गया। वही 'कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया। वहीं पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने संबोधित करते हुए समाज को एकजुट रहने एवं नशे से दूर रहने की बात कही। वहीं बाल कवि ने अपनी आज वाणी से सभी को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या शहर हीं नहीं जिले एवं प्रदेश से समाजबंधुओं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रभारी एवं संरक्षक नन्द राम कुशवाह ठेकेदार, अध्यक्ष नरेश कुमार कुशवाह सीनियर इंजीनियर असिस्टेंट एनएफएल विजयपुर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम सिंह कुशवाह साक्षी इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक कैंट, रणवीर सिंह कुशवाह रिटायर्ड शिक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी महावीर पुरा, उपाध्यक्ष सीताराम कुशवाह, देवकीनंदन कुशवाह, सचिव सुखलाल कुशवाह, लक्ष्मी नारायण कुशवाह, कोषाध्यक्ष रूप सिंह कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा।

## समाचार संक्षेप

### विधायक प्रियंका पेची ने स्वास्थ्य केंद्र एवं निर्माणाधीन तहसील भवन का किया औचक निरीक्षण

**चाचौड़ा।** विधायक प्रियंका पेची ने आज चाचौड़ा में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य भवन एवं नवीन तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की।विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित



मानकों के अनुरूप कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ समय पर मिल सकें।निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया। पाई गई अनियमितताओं पर उन्होंने तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए और कहा कि "आमजन को बेहतर, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।"इस दौरान मंडल अध्यक्ष चाचौड़ा प्रद्युम्न मीना, जिला मंत्री श्रीकृष्ण (भोला) सोनी, एसडीएम चाचौड़ा, एसडीओपी चाचौड़ा, बीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित

### चाचौड़ा अंतर्गत कई विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ

**चांचौड़ा।** विधानसभा क्षेत्र चाचौड़ा अंतर्गत कई विकासकार्यों का भूमिपूजन हुआ। जिसमें सांसद रोडमल नागर के मुख्य आतिथ्य एवं चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेची जी एवं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इन विकासकार्यों में विधायक निधि अंतर्गत शिव मंदिर टेकरी पर सामुदायिक भवन निर्माण (लागत राशि 12 लाख रुपए), SDRF योजना अंतर्गत भमावद चौराहे से फिल्टर प्लांट तक नाला निर्माण कार्य (लागत राशि 56 लाख रुपए), अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नवीन पानी की टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य (लागत राशि 302.58 लाख रुपए), SBM 2.0 योजना अंतर्गत MRF/composting प्लांट निर्माण कार्य (लागत राशि 36.52 लाख रुपए), ग्राम मृगवास में



मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत सी सी खरंजा कार्य (लागत 44 लाख रुपए) सहित ग्राम पंचायत महेशपुरा में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत सी सी खरंजा कार्य (लागत 30 लाख रुपए) का भूमिपूजन किया। सभी विकासकार्यों के बारे में बताते हुए विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची ने अपने संबोधन में कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र के प्रत्येक नगर/गांव को आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार की योजनाओं का फायदा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि शिव टेकरी पर बनने वाला यह सामुदायिक भवन कुंभराज के साथ-साथ आसपास के गांवों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। वहीं भमावद चौराहे से फिल्टर प्लांट तक नाला निर्माण से कुंभराज नगर में स्वच्छता एवं सुंदरता बढ़ेगी। नवीन पानी की टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य से नगरवासियों को पेयजल की पूर्ति सुनिश्चित होगी जिससे नगर के प्रत्येक घर पेयजल पहुंचेगा। कम्पोस्टिंग प्लांट निर्माण से नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा इस दौरान चाचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची ने नगरवासियों एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं- विधायक प्रियंका पैंची ने कहा कि सरकार की नीतियों के अनुरूप सभी विकास कार्य उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# संसदीय खेल महोत्सव में सांदीपनि उमावि बरखेड़ा हाट के खिलाड़ियों का रहा दबदबा






हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

संसदीय खेल महोत्सव के समापन अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम गुना मैं विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों ने सहभागिता की।
उक्त प्रतियोगिताओं में संदीपनी उत्तर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा हाट की विभिन्न टीमों ने संस्था प्राचार्य यशवंत सिंह धाकड़ के कुशल नेतृत्व में सहभागिता करते हुए अपना दबदबा बनाए रखा। जिसमें रस्सा कशी प्रतियोगिताओं में बालक एवं कन्या दोनों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वही कबड्डी प्रतियोगिता में भी बालिका ने द्वितीय एवं बालकों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, । इसी प्रकार लगोरिया में बालक एवं कन्या दोनों ने पृथक पृथक तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 के छात्र कान्हा यादव ने 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं सुनैना पाल ने शॉट पुट में द्वितीय एवं लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। ज्ञात हो कि उक्त समस्त टीमों का प्रतिनिधित्व विद्यालय के ऊर्जावान प्राचार्य यशवंत धाकड़ स्वयं कर रहे थे, संसदीय खेल महोत्सव में उपरोक्त 6 ट्रॉफी एवं अनेक मेडल मिलने पर छात्रों में भरपूर उत्साह देखने को मिला । सभी छात्र तथा उपस्थित शिक्षक खुशी से झूम उठे। संस्था के प्राचार्य श यशवंत सिंह धाकड़ खुद खेलों में अधिक रुचि रखते हुए विद्यालय में विभिन्न प्रकार की क्रीड़ा गतिविधियों को आयोजित करते हुए उसमें सहभागिता एवं छात्रों को उचित मार्गदर्शन देते रहे हैं।वही क्रीड़ा प्रभारी के रूप में विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार लोधी एवं सहयोगी सत्यनारायण शर्मा, ध्रुव नारायण बरेले , रुखसार मेम, अपेक्षा मेम,अरविंद लोधी मुकेश रावत आदि की उपस्थिति ने बच्चों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य महोदय सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।
उपरोक्त समस्त खेल गतिविधियों में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पदाधिकारी शिवराज सिंह भदोरिया एवं आरोन खेल प्रभारी ताहिर खान का विशेष मार्गदर्शन रहा।

## ब्लॉक युवा कांग्रेस आरोन की प्रथम बैठक में कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

ब्लॉक युवा कांग्रेस आरोन द्वारा आज प्रथम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष कमल अहिरवार के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, इतिहास एवं संघर्षों को स्मरण करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।बैठक में उपस्थित युवाओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी समय में पार्टी के सभी सदस्यों को संगठित एवं सक्रिय कर पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व तथा राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान युवाओं ने अपनी-अपनी बात रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने एवं युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने पर जोर दिया।कार्यक्रम में हिम्मत कुशवाहा (आरोन शहर अध्यक्ष), बब्लू नायक (ब्लॉक उपाध्यक्ष), बंटी राजपूत, भूपेंद्र, दीपक अहिरवार (धर्मशाला अध्यक्ष आरोन), कमल ग्वाल (आरोन), अर्जुन मीना, राकेश अहिरवार (पूर्व धर्मशाला अध्यक्ष), सोनू अहिरवार (कुंदौली), सत्यम त्यागी, अर्जुन कुशवाहा (आरोन), सुनील अहिरवार (हिनोतिया), रंधीर अहिरवार (खिरिया दांगी), नवीन शर्मा (रामपुर), सीताराम अहिरवार (आरोन), दर्शन अहिरवार (रूसल्ली), रवि अहिरवार (इमलिया), नितेश साहू (आरोन), नेपाल अहिरवार (कुमरयाई) सहित कांग्रेस पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अंत में सभी युवा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने एवं आगामी कार्यक्रमों को सक्रियता से सफल बनाने का संकल्प लिया।



## जल-जंगल-जमीन को निजी मुनाफे में सौंपने के खिलाफ आरोन में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

देश की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में शामिल अरावली को बचाने के लिए स्थानीय एसबीआई बैंक के सामने पुराने चौराहे पर बुद्धिजीवियों, पर्यावरण प्रेमियों और नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारें जल-जंगल-जमीन को निजी पूंजीपति घरानों के हित में सौंप रही हैं, जिससे प्राकृतिक



संतुलन और पारिस्थितिकी तंत्र को भारीखतरा पैदा हो रहा है। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला, जो लगभग 692 किमी तक गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में फैली है, देश में मरुस्थलीकरण को रोकने का सबसे बड़ा प्राकृतिक अवरोधक है। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ द्वारा दी गई अरावली की नई परिभाषा को विनाशकारी बताते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि यह जल पुनर्भरण क्षेत्रों, वन्यजीव आवासों और करोड़ों लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी। इस विरोध में डॉ. एससी गोयल, मुलायम अली,नौरोजी सर ,पवन श्रीवास्तव,महेंद्र नायक,राजमल सर ,जितेंद्र अहिरवार, शुभम राव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और अरावली बचाओ पर्यावरण बचाओ का संकल्प लिया।

# शहीदों की स्मृति में जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन



राजा बलभद्र स्टेडियम में शहीद पुलिस बल के जवानों के बलिदान की पावन स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट (द्वितीय संस्करण) खेल भावना के साथ लगातार रोमांचक मुकाबलों का साक्षी बन रहा है। शहीदों को समर्पित इस टूर्नामेंट में गुना एवं अशोकनगर जिले की कुल 16 जिला स्तरीय टीमें भाग ले रही हैं।टूर्नामेंट के प्रथम राउंड के अंतिम दिन मैच प्रारंभ होने से पूर्व आरोन पुलिस के प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह गुर्जर, किशोर टोप्पो, सब इंस्पेक्टर इरशाद खान, प्रधान आरक्षक जितेन पाल, कमलेश एवं उमा पटवा की उपस्थिति में राष्ट्रीय गीत "जन गण मन" का सामूहिक गायन किया गया। इसके उपरांत खिलाड़ियों, आयोजकों एवं दर्शकों ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों टीमों के कप्तानों के बीच टॉस कराकर मुकाबलों की शुरुआत की गई।रात्रिकालीन टूर्नामेंट के अंतर्गत पहला मुकाबला एसबीएम स्कूल गुना एवं गरुण 11 के बीच खेला गया। गरुण 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 62 रन बनाए, जिसे एसबीएम स्कूल गुना ने सफलतापूर्वक चेज कर जीत दर्ज की।दूसरा मुकाबला एसीआर एवं गोल्डन 11 आरोन के बीच खेला गया, जिसमें एसीआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 107 रन बनाए। इस मैच में मोंटू शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 87 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच घोषित हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गोल्डन 11 आरोन की टीम 65 रन पर सिमट गई और एसीआर ने मुकाबला अपने नाम किया।टूर्नामेंट के आयोजक नीतीश पटवा एवं अतुल रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट का पहला राउंड पूर्ण हो चुका है, जिसमें अब 8 टीमें शेष हैं। आज रात्रि दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे— पहला मुकाबला जलालपुर अशोकनगर 11 एवं अर्पित गुना के बीच, जबकि दूसरा मुकाबला राहुल 11 गुना एवं एसबीएम स्कूल गुना के मध्य खेला जाएगा।आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा शहीदों की स्मृति में आयोजित इस खेल महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

# डीएसओ के 72वें स्थापना दिवस की शुरूआत, ध्वजा रोहण से की गई

## छात्र और छात्राओं की समस्याओं पर चर्चा की गई



**अशोकनगर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन डीएसओ का 72वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय पर हर्षोल्लास और शिक्षा-संस्कृति-मानवता बचाने के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में राज्य सचिव मण्डल सदस्या शोभना श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया।

जिसके पश्चात सभी साथियों ने शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित किये। शोभना श्रीवास्तव ने वर्तमान समय में छात्र संगठन की महत्ता और आंदोलनों की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि 28 दिसंबर 1954 को देशभर में वैज्ञानिक, जनवादी और धर्मनिरपेक्ष शिक्षा की मांग को लेकर महान क्रांतिकारी कॉमरेड शिवदास घोष के विचारों की रोशनी में चंद लेकिन यौवन से भरपूर तेजस्वी छात्र नौजवानों ने डीएसओ की नींव रखी थी। जो एक लम्बे कष्ट साध्य संघर्ष के बाद देश के कोने कोने में पहुँच चुका है। वर्तमान परिदृश्य पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज सरकार पूरी तरह से सरकारी शिक्षा तंत्र को ध्वस्त करने पर उतारू है, जिसके तहत लगातार सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है और कॉलेज शिक्षा की गुणवत्ता को नजरअंदाज किया जा रहा है।

एक तरफ समाज में महिलाओं और बच्चियों के विरुद्ध आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी तरफ शासन हर स्तर पर शराब, नशे, अश्लीलता जैसी सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में जुझारू छात्र आंदोलन संगठित करना समय की मांग है। हम आम छात्रों, शिक्षा प्रेमी लोगों से एकजुट होकर मजबूत जन आंदोलन तैयार करने का आह्वान करते हैं। संगठन ने मांग की स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित हो, पाठ्यक्रम में महान क्रांतिकारियों और मनीषियों के विचारों को स्थान दिया जाए और महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर जिला कार्यालय के साथ-साथ आरोन और कुंभराज,म्याना में भी कार्यकर्ताओं के बीच परिचर्चा का आयोजन किया गया।

## प्रस्फुटन समिति ने अटल जयंती मनाई, की श्रद्धांजलि अर्पित



**पिपरई।** सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर फूलमाला पहनाकर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद वाजपेई जी के जीवन परिचय पर सेक्टर पिपरई क्रमांक 5 नावाकुर संस्था श्री मां गौरी जन शिक्षा सेवा समिति सेमरी टंकी के अध्यक्ष रामबाबू यादव ने प्रकाश डाला गया। अटल एक व्यक्ति नहीं विचारधारा है, अटल एक जीवन नही संस्कार है। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भाजपा के पित्र पुरुष देश के प्रधानमंत्री हम सभी के प्रेरणा स्रोत भारत नवरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर हम उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं। आपका अद्वितीय नेतृत्व क्षमता दूरदर्शी सोच एवं भारतीय राजनीति में आपके द्वारा दिया गया। अमूल्य योगदान सदा अविस्मरणीय रहेगा। अटल बिहारी वाजपेई सर्वप्रथम एक नेता और कवि थे पत्रकार का भी कार्य किया था। सेक्टर पिपरई क्रमांक 5 नावाकुर संस्था श्री मां गौरी जन शिक्षा सेवा समिति सेमरी टंकी के अध्यक्ष रामबाबू यादव ग्राम तमाशा के अध्यक्ष युवराज यादव समिति के सदस्य बृजेंद्र यादव भारत नामदेव बाबूलाल यादव सतभान यादव नितेश यादव राजन सेन कप्तान सिंह यादव नीलम सिंह यादव राजपाल यादव आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भगवद्गीता अक्षरब्रह्मयोग स्वाध्याय से प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

सेक्टर 04 राजपुर की 5 ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों राजपुर, महू आलमपुर, रैपरी, फतेहपुर, आमखेड़ा सूखा का त्रैमासिक क्षमतावर्धन प्रशिक्षण बैठक का आयोजन रविवार को सेनारी सिद्ध आश्रम ग्राम करमसी ग्राम पंचायत रैपरी में जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा रखा गया था। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामबली यादव द्वारा त्रिमासिक बैठक कर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों को शासन के 10 विभागों की 22 योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, जल संवर्धन, स्वाध्याय पर कार्य किए जायेंगे।

सिद्ध आश्रम सेनारी पर संत रामकल्याणदास ने के सानिध्य में श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 8 अक्षरब्रह्म योग का स्वाध्याय हुआ और गांव गांव में समरसता, भाईचारा बढ़ाने हेतु साप्ताहिक श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय की शुरुआत हो इस पर भी चर्चा की गई तथा उन्होंने कहा कि आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य संबंधित विभाग से समन्वय कर दिलाना है। मास्टर ट्रेनर बलवीर सिंह यादव ने बाल संस्कार शाला संचालन हेतु एक सेवाभावी आचार्य के चयन करने के संबंध में जानकारी दी कि आचार्य को आगामी समय में शाला संचालन का प्रशिक्षण भी ग्वालियर में दिलाया जाएगा। बाल संस्कार शाला के माध्यम से बच्चों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास हो जिससे वह सुसंस्कृत एवं भावी जिम्मेदार नागरिक बनें, यह संस्कार केंद्र का उद्देश्य है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से व्यक्ति निर्माण से ग्रामोदय हो तथा ग्रामोदय से अभ्युदय हो यही उद्देश्य है।



## ईसागढ़ में कांग्रेस की बैठक संपन्न

### स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



**ईसागढ़।** चन्देरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ़ विकासखंड के ग्राम बहेरिया रूपनगर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी का 141वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल एवं सेक्टर स्तर की संगठनात्मक बैठक भी आयोजित की गई। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी के संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक मूल्यों को स्मरण करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में चन्देरी के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश लोधी ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र रघुवंशी, दादा कृपाल सिंह लोधी, गणेशखेड़ा के सरपंच बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला कांग्रेस नेता नथनसिंह महोबिया, मानमेन्द्र सिन्हा, यशपाल सिंह, आनंद यादव, सुनील अग्रवाल, दीपेंद्र जाटव, रामपाल केवट, हरिनारायण बैरागी, जयकुमार यादव, दलवीर सिंह लोधी, दुष्यंत साहू, दिनेश दुवे, जगदीश लोधीसहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कोलुआ में एकल अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया



**अशोकनगर।** एकल अभियान मध्य भारत संभाग भाग चंबल अंचल गुना अशोकनगर द्वारा ग्राम संगठन महिला सामिति तथा अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद संयुक्त तत्वाधान में विधालय ग्राम कोलुआ गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जिसमें बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों चेकअप किया गया। शिविर में डॉ कीर्ति संच महिला सामिति सचिव ने बच्चों को दांतों का परिक्षण स्त्रीरोग विषेशज्ञ डॉ मेघा ने महिलाओं से संबंधित उपचार एवं डॉ कुलदीप रघुवंशी ने सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आयुष्य विभाग से हितेंद्र रघुवंशी आरोग्य के बारे में जानकारी दी संच अध्यक्ष हरिओम शर्मा समाज सेवी रामकृष्ण रघुवंशी जी महिला सामिति संच अध्यक्ष गंगा एवं भाग कोषाध्यक्ष वैशाली सालजु जी ने सभी अतिथि का स्वागत किया एवं अखिल अखंड प्रदेश कार्यकारिणी महिला द्वारा बच्चों को टूथ ब्रस, पेस्ट, गर्म कपड़े टोपा, लड्डू, बिस्किट आदि वितरित किए गये। रघुवंशी कार्यकारिणी ममता रघुवंशी, कविता, सावित्री, धनपाल एवं कार्यकर्ता गतिविधि प्रमुख पप्पू,संच प्रमुख गजराम, उपस्थित रहे। अंचल गुना से अनिता, कार्यालय प्रभारी एवं कार्यक्रम में एकल अभियान विस्तृत जानकारी भाग महिला सामिति अध्यक्ष आशा रघुवंशी ने दी महिला समिति कोषाध्यक्ष किरण रघुवंशी कोलुआ विद्यालय की विद्यालय प्रमुख का विशेष सहयोग तथा उपाध्यक्ष सावित्री रघुवंशी सचिव प्रीति रघुवंशी। आभार अध्यक्ष गंगा रघुवंशी ने किया।

## शाढौरा में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा निकाली



**शाढौरा।** रविवार को श्री रामायण सत्संग प्रचार समिति के तत्वावधान में आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ सुबह भव्यता के साथ हुआ। सुबह 11 बजे त्र्यंबकेश्वर महादेव गढ़ी मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंगल गार्डन स्थित कथा स्थल पर पहुंची। कथा व्यास श्री अष्टावक्र महाराज को धार्मिक रीति-रिवाजों के तहत नगरवासियों ने व्यास गद्दी पर विराजमान कराया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान शिक्षक राजेश सिंह रघुवंशी सिर पर श्रीराम चरितमानस रखकर आगे-आगे चल रहे थे, वहीं उनकी पत्नी मंगल कलश लेकर साथ में चल रही थीं। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं केसरिया वस्त्र धारण कर मंगल कलश सिर पर लेकर मंगलगीत गाती हुई शामिल हुईं। कथा व्यास अष्टावक्र महाराज श्रीधाम गोवर्धन सजी-धजी बग्गी में विराजमान रहे। मार्ग में स्थान-स्थान पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और कथा व्यास महाराज की आरती उतारी। कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन और भजन-संकिर्तन का आयोजन किया जाएगा।

## अशोकनगर का तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस

**अशोकनगर।** जिले में ठण्ड अब अपना असर दिखा रही है। तापमान पिछले तीन दिनों से लगातार 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। तापमान में गिरावट के बाद मौसम में ठण्डक आई है जिससे लोग पूरे दिन गर्म कपडे पहनकर चल रहे हैं। दिन धूप में व्यवतीत होता है और शाम 7 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगता है। सुबह की भोर में लोगों को कईं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाकर ठण्ड से बचाव का सहारा लेना पड़ रहा है। आने वाले दिन इस ठण्ड के मौसम में और भी सर्दी भरे होने की संभावना है। दिसम्बर का महीना व्यतीत होने में अब 2 दिन ही रह गए हैं। दिसम्ब का महिना ठण्ड के लिए जाना जाता है। इस बार ठण्ड दिसम्बर में महीने में ठण्ड का असर देखने को नहीं मिला। उम्मीदें हैं कि आने वाले जनवरी के महीने में अधिक ठण्ड पड़ने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### बाइक से स्वान टकराया दो घायल

**अशोकनगर।** ईसागढ थाने के अंतर्गत दो युवाओं को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया है। जिनमें अजयपाल पुत्र गजेन्द्र सिंह सिक्ख उम्र 19 ग्राम भियांखेडी, सोनी पुत्र गोपाल सिंह केवट उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम नीमखेडा घायल हो गए। घायलों के परिवारजनों ने बताया कि दोनों युवक गिटटी क्रेशर से काम कर वापिस अपने घर बाइक से आ रहे थे। तभी रास्तें में अचानक से एक स्वान दौडता हुआ आया और बाईक से टकरा गया। जिससे दोनो लोग घायल हो गए जिसमें अजयपाल को गंभीर चोटें आई हैं।

### 17 वर्षीय की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरखेडी चैकी निवासी आरती पुत्री राकेश केवट उम्र 17 वर्ष को जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जहां उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। परिवारजनों को जहरीले पदार्थ के सेवन करने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जिसका शव परीक्षण कर परिवार जनों को सौंप दिया गया।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की कोतवाली पुलिस ने विदिशा रोड पर हेमलता माहौर के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात पुलिस ने शंकर कॉलोनी निवासी आजाद अहिरवार के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने ग्राम खैराई खेडी निवासी भारत सिंह यादव के पास से 07 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने अमोला निवासी नीलम आदिवासी के पास से 06 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला बैठक संपन्न

**पिपरई।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला स्तरीय बैठक संघ कार्यालय, सरस्वती स्कूल मोहरी रोड अशोकनगर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों एवं उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के विशिष्ट अतिथि प्रांत उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राहक पंचायत उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आम नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वे उपभोक्ता शोषण के विरुद्ध संगठित होकर आवाज उठाएं। बैठक में ग्राहक पंचायत के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें चंद्रमोहन सोनी, प्रदीप श्रीवास्तव, राजेन्द्र सोलंकी, राजेन्द्र नामदेव, रीतिरमन नामदेव, इंदू श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने संगठन को अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का समापन संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ हुआ। 28 दिसम्बर फोटो न.13 अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला बैठक संपन्न।

### भवन निर्माण के बाद शेष कार्य अब तक अधूरे पड़े हैं

# स्टेशन पर निर्माण कार्यों में देरी पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत सरकार की अमृत-2 योजना के अंतर्गत अशोकनगर स्टेशन पर रेल विभाग द्वारा एक नई इमारत तैयार किए जाने के साथ पूरे स्टेशन परिसर को नया लुक दिया जा रहा है। लेकिन इस कार्य में इमारत तो बनकर तैयार हो गई है लेकिन परिसर को नया लुक नहीं मिल पाया है। जिसके कारण संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की काम करने धीमी चाल को लेकर अधिकारियों ने नाराजगी जताई।

इस निरीक्षण को लेकर इन अधिकारियो का दल अशोकनगर के साथ साथ गुना और रूठियाई में भी चल रहे निर्माण कार्यों को देखने आया था। इस दल में जबलपुर रेल महा प्रबंधन कार्यालय से चीफ इंजीनियर ए.के. तौमर, डीएन श्याम नागर, ए.इ.एन रजनीकांत शेखर और उपयंत्री चेतन जैन शामिल थे। इस दौरान इन अधिकारियों ने निर्माण कार्यों को देखा लेकिन अशोकनगर स्टेशन परिसर में जो निर्माण कार्य होना है वह ठीक तरीके से नहीं हो पाए हैं। यहां रेलवे ने पहले से बने कईं आवासीय क्वार्टरों को तोड़कर सर्कुलेट एरिया बनाया है ताकि यहां आसानी से लोगों को आने जाने में सुविधा हो सके। अशोकनगर पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशनों में शामिल है यह जिला मुख्यालय का स्टेशन है। इसीलिए इस मुख्यालय को अमृत 2 योजना में शामिल किया गया था।

### स्टेशन परिसर में निर्माण कार्यों में लापरवाही सामने आई

यहां जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उनमें अधिकाशं कार्य बंद हैं, स्टेशन की इमारत का काम तो पूरा हो चुका है लेकिन बाहर का काम पूरा नहीं हुआ हैं यह सभी कार्य अलग अलग ठेकेदारों को दिए गए हैं। रेलवे में अलग अलग विभाग हैं और इन विभागों के कार्य भी अलग अलग हैं। जिनमें कॉर्डिनेशन की कमी होने के कारण यह काम नहीं हो पा रहे हैं। पूरे परिसर में कहीं भी ठीक तरीके से सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जो बाहर की साइड टाइल्स लगाए गए हैं वह भी घटिया क्वालिटी के हैं।

### न ध्वजा रोहण के लिए व्यवस्था हुई न मुख्य द्वार से पुराना कार्यालय हटाया गया

अशोकनगर स्टेशन के मुख्य द्वार पर ही इलेक्ट्रिक विभाग का कार्यालय बना है। इस कार्यालय को यहां से हटाने के लिए एक नए भवन का निर्माण भी हो चुका है लेकिन इस भवन को यहां से नहीं हटाया गया है। इसी प्रकार 100 फीट ऊंचे खम्बे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का काम भी यहां लम्बे समय से बंद हैं। जो पहले पोल लगाया गया था, उस पोल को वहां से हटाकर जहां नई हाई मस्ट लाईट लगाई है उसी के पास पुरानी बिल्डिंग के सामने पोल लगाने का काम पूरा होना है जो अधूरा पड़ा है इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि आप वाहन पार्किंग ठेका स्थल की स्थिति देखें तो यहां भी जो पहले से वाहन पार्किंग स्थल बना था वह वर्तमान से ज्यादा अच्छा था। यहां जो पार्किंग स्थल बनाया गया है उसे देखकर लगता ही नहीं है कि यहां वाहन सुरक्षित रह पाएगें। यहां सीसी सड़क, टाईल्स जिनसे पूरे स्टेशन परिसर का सौन्दर्यकरण होना है उस ओर भी कोई ध्यान नहीं है।



### पहले भी हो चुके हैं स्टेशन पर घटिया निर्माण कार्य

यहां के नागरिको को चिंता है कि जल्दबाजी में यहां घटिया निर्माण कार्य न कर दिए जाएं। क्योंकि अशोकनगर के लिए पहले भी 11 करोड़ रूपए निर्माण कार्यों के लिए आए थे तब पुराने भवन का सौन्दर्यकरण किया गया था, ध्वज लगाया गया था, पार्क बनाया गया था, प्लेटफार्म 3 के बाहर एक फब्बारा लगाया गया था जिनका कोई अतापता नही हैं। करोड़ो रूपए निर्माण कार्यों पर व्यय हो गए लेकिन आज तक कोई जांच नहीं हुई। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही माफियाओं के खिलाफ कडी कार्यवाही का संकेत दे चुके हैं। ऐसी स्थिति में निर्माण कार्यों में घोटाला करने वाले माफियाओं पर भी कार्यवाही होना चाहिए ताकि जिन निर्माण कार्यों से आम जनता को सुविधाएं मिलना हैं। वह कैसे मिल पाएंगीं।

### अशोकनगर स्टेशन शहर के लोगों के लिए सबसे बड़ा प्लेस

ज्ञात हो कि अशोकनगर रेलवे स्टेशन एक ऐसा प्लेस हैं जहां पूरे शहर के लोग प्रतिदिन निर्माण कार्यों का जायजा लेने के लिए पहुंचते हैं क्योंकि अशोकनगर स्टेशन शहर के बिल्कुल बीचों बीच है इसलिए हर निर्माण कार्य पर यहां के लोगों की नजर रहती है। ऐसी स्थिति में अशोकनगर स्टेशन यहां के लोगों के लिए मुंबई की चैपाटी है जो स्टेशन पर हर रोज शाम को और सुबह घूमने के लिए लोग पहुंचते हैं और निर्माण कार्यों पर सवाल भी उठाते हैं लेकिन अशोकनगर स्टेशन पर कोई जिम्मेदार अधिकारी इन सवालों का जबाव देने के लिए नहीं होता जिससे वह अपनी शिकायत दर्ज नहीं करा पाते हैं। यहां निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने आए अधिकारियों ने कहा कि जो सर्कुलेट एरिया का मानचित्र बनाया गया है और उसमें सुविधाएं दिखाईं गई हैं।

# पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट



**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय बौद्ध कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र पुत्र लक्ष्मण अहिरवार उम्र 27 वर्ष, प्रियंका पत्नी सुरेन्द्र उम्र 25 वर्ष तथा वर्षा पति विनोद उम्र 32 वर्ष और विनोद पुत्र बलराम अहिरवार को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। जहां सुरेन्द्र अहिरवार ने बताया कि विनोद अहिरवार को उसने 19 हजार रूपए उधार दिए थे, पैसे मांगने पर कहा सुनी हो गई और विनोद अहिरवार ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मुझ पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाने आई पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। इसी प्रकार विनोद अहिरवार आपसी पुरानी रंजिस को लेकर अपने 5 साथियों के साथ आकर मुझसे मारपीट करने लगा जब मेरी पत्नी वर्षा मुझे बचाने आई तो उसके सिर पर लाठियों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां पर चारों घायलों का उपचार जारी है।

## घाटी पर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बहादुरपुर थाना क्षेत्र के जसैया गांव में हनुमान मंदिर के आगे घाटी पर शनिवार शाम एक ट्रैक्टर पलट गया। इसके नीचे दबने से चालक की मौत हो गई। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया है। थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया गया है कि मृतक राजकुमार पुत्र मोहर सिंह अहिरवार उम्र 32 वर्ष एवं निवासी ग्राम बरखेड़ा जमाल बीते शनिवार को बंगला चैराहा से एक ट्रैक्टर ट्रॉली में भसुआ लेकर ग्राम जसैया गया हुआ था। देर शाम परिजनों को सूचना मिली कि ट्रैक्टर पलट गया है और उसके नीचे दबने से राजकुमार गंभीर रूप से घायल है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो राजकुमार मृत अवस्था में मिला। परिजनों का कहना था कि मृतक किसी के यहां नौकरी नहीं करता था, पहली बार ही घर पर बगैर बताए वह ट्रैक्टर चलाने गया था और यह दुर्घटना हो गई। परिजनों द्वारा पुलिस से घटनाक्रम की निष्पक्षता से जांच करने की मांग की जा रही है। खास बात है कि घटनास्थल पर केवल ट्रैक्टर ही पलटा है, ट्रॉली सुरक्षित रही। ट्रैक्टर ऐसा पलटा कि चालक की सीट पूरी तरह से दब गई थी।

### हिंदू सम्मेलन, संत पदयात्रा निकाली


# संतों के जयघोष से गूंज गईं नगर की गलियां





**अशोकनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू समाज द्वारा आगामी जनवरी माह में विशाल हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के निमित्त जनजागरण हेतु रविवार को शहर की विभिन्न बस्तियों में भव्य संत पदयात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में मठ-मंदिरों के महंत, पुजारी और धर्मावलंबी सम्मिलित हुए। शंखनाद पदयात्रा का शुभारंभ स्थानीय अंबेडकर भवन से हुआ। आयोजन से पूर्वसभा को संबोधित करते हुऐ मल्हारगढ़ के महंत रामचंद्र दास महाराज ने हिंदू सम्मेलनों की आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की एकता ही राष्ट्र की शक्ति है और इन आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश जन- जन तक पहुँचाना अनिवार्य है। अंबेडकर भवन के मंच पर रही पूज्य संतों की उपस्थिति पदयात्रा का नेतृत्व मुख्य रूप से महंत युवराज रामचंद्र दास महाराज(बड़ा मंदिर, मल्हारगढ़), महंत रामकृपाल दास महाराज (सिद्ध आश्रम, भादोन), महंत धर्मदास जी महाराज (माता मंदिर)ने किया। संतों ने समाज को राष्ट्रहित में संगठित होने का आह्वान किया। संतो का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ बैंड-बाजे, ढोल और शंख-झालर की मंगल ध्वनि के साथ निकली यह पदयात्रा सुराणा चैराहा, प्रोसेशन रोड, पाराशर मोहल्ला, हवेली मार्ग, लंबरदार गली, विदिशा रोड, बोहरे कॉलोनी, माता मंदिर रोड, दुबे लॉज और आरोन रोड होते हुए पुनः अंबेडकर भवन पहुँची। अंबेडकर बस्ती के साथ-साथ दुर्गा बस्ती में भी औपचारिक रूप से ध्वज पूजन कर समाज को जागरूक किया गया। इस बस्ती में बाल हनुमान मंदिर से निकाली गई, पदयात्रा में महंत रामचंद्र दास शामिल हुए।

## सटोरिया आजाद खान के होटल पर कभी भी हो सकती है बड़ी कार्रवाई



**अशोकनगर।** अशोकनगर में सटोरिया आजाद खान के होटल आजाद पैलेस पर जल्द बडी कार्रवाई हो सकती है। नगर पालिका से बिना अनुमति निर्माण, तलघर बनाने और नियमों का पालन न करने के कारण यह कार्रवाई होने की संभावना है। नगर पालिका ने पहले ही होटल मालिक को नोटिस जारी कर इस संबंध में सूचित किया था। सीएमओ विनोद उन्नीतान ने बताया कि रविवार को नगर पालिका की टीम होटल पहुंची और मौखिक रूप से खाली कराने के निर्देश दिए। इसके बाद शाम को होटल से फर्नीचर और अन्य सामान हटाते हुए देखा गया। सोफा सेट सहित अन्य सामग्री को पिकअप वाहनों से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। साथ ही, आजाद पैलेस के ऊपर लगे टावर को भी हटाने का काम चल रहा था। इस होटल के भवन निर्माण की अनुमतियां सटोरिया आजाद खान, उनके भाई पार्षद राशिद पर ले जाया जा रहा था। इस होटल के भवन निर्माण की अनुमतियां सटोरिया आजाद खान, उनके भाई पार्षद राशिद खान और शाहिद खान पुत्र अलीग खान के नाम से संलग्न की गई हैं। अनुमतियां नहीं ली गई नगर पालिका द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि 17 दिसंबर को निकाय के निरीक्षण दल ने मौके पर जाकर भवन का निरीक्षण किया था। इसमें पाया गया कि होटल आजाद पैलेस के नाम से नियमानुसार अनुमतियां नहीं ली गई हैं। संलग्न भवन निर्माण अनुमतियों में भी निर्धारित एमओएस (मार्जिन ओपन स्पेस) क्षेत्र छोड़े बिना निर्माण किया गया है और भवन में तलघर का भी निर्माण किया गया है। यह निर्माण भवन निर्माण अनुमति के विरुद्ध है। निर्माण किया गया है और भवन में तलघर का भी निर्माण किया गया है। ये निर्माण भवन निर्माण अनुमति के विरुद्ध हैं और नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 (8) का पूर्ण उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त, नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 359 के अनुसार भवन में पार्किंग बनाना आवश्यक है, जो नियमानुसार नहीं बनाई गई है। होटल संचालन के लिए अग्नि सुरक्षा की व्यवस्था भी नहीं की गई है और सक्षम कार्यालय द्वारा जारी फायर एनओसी भी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी, जो शासन के निर्देशों का उल्लंघन है। नगर पालिका ने चेतावनी दी है कि इन उल्लंघनों से यात्रियों की जान को खतरा है। अवैध रूप से निर्मित होटल आजाद पैलेस को तत्काल खाली कर निर्माण स्वयं हटा लिया जाए, अन्यथा बलपूर्वक हटाया जाएगा।

# हम अपना अभियान छोड़कर परमात्मा को पुकारते हैं तो रक्षा करते हैं: बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





कथा के चतुर्थ दिवस अंतरराष्ट्रीय धर्म आचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा सुकदेव जी ने राजा परीक्षित जी को कथा सुनाते हुए भगवान वामन के जन्म के विषय में बताया भगवान छोटे रूप में सामने के रूप में अवतार लेकर राजा बलि की यज्ञ में पहुंचकर बली से तीन पग भूमि मांगी और उसका सर्वस्व छीन लिया।

राजा बलि ने बड़े प्रसन्नता पूर्वक संकल्प के साथ सब कुछ दे दिया भगवान ने खुश होकर राजा बलि को पाताल का राज दिया और खुद द्वारपाल बनाकर रक्षक बनकर के राजा बलि के राज्य में रहे। देवमुरारी बापू ने कहा समुद्र मंथन के समय भगवान ने देवताओं का पक्ष लिया और दैत्य लोग देखते रह गए भगवान समदर्शी हैं लेकिन भक्तों और अभक्त के अनुसार भगवान पक्षपात भी कर लेते हैं इसलिए यह कथा हमको यह सिखाती है कि हम सदैव भक्ति करें तो भगवान हमारे पक्ष में रहेंगे। गजेंद्र मोक्ष की कथा हमको यह सिखाती है कि जब हम अपना अभियान छोड़कर केवल परमात्मा को पुकारते हैं तो भगवान हमारी रक्षा अवश्य करते हैं द्रोपती की प्रहलाद की रक्षा की है इसी तरह सदैव अपने भक्त की रक्षा करते हैं। कथा में इच्छाकु वश में भगवान श्री राम के जन्म की कथा को सुनाया साथ ही यदुकुल में भगवान श्री कृष्ण देवकी के अष्टम गर्व से जन्म लेकर यशोदा के यहां पहुंचे और वहां धूमधाम से भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। श्री कृष्ण का दर्शन कर सभी भक्तों ने आरती उतारी एवं बधाइयां गाई, इस मौके पर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा में आरती उतारने के लिए कथा के यजमान गजानन महाराज, अमर सिंह रघुवंशी, अजय सिंह रघुवंशी मारसाब, पछार के मंडल अध्यक्ष संतू शर्मा,विपिन नामदेव,नमन नामदेव आदि से जन्मोत्सव की आरती उतारी।

## प्रतिदिन श्रद्धालुओं की शंका के हो रहे समाधानः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



नगर में विराजमान आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री मेघ दत्त सागर महाराज ओर मुनि श्री बृषभ दत्त सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज लोग धर्म से दूर होते जा रहे है,जबकि धर्म से बढ़कर कुछ भी नहीं है इसे सब कामों में सबसे पहले रखना चाहिए, इसके बाद कोई ओर काम करें। उक्त उद्गार मुनि श्री मेघ दत्त सागर जी महाराज ओर मुनि श्री बृषभ दत्त सागर महाराज ने संत निवास में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे आगे कहा कि आज का समय बहुत ही कठिन है। जहां धर्म करने के लिए लोगों के पास समय नहीं है ओर फालतू की बातों में घंटों बर्बाद कर देता है,वही मुनि संघ के सानिध्य में दोपहर में क्लास लगाई जाती है ओर शाम को आचार्य भक्ति के साथ श्रद्धालुओं की शंका का समाधान किया जाता है।

### मुनि दुर्लभ सागर महाराज के सानिध्य में पंच कल्याणक के लिए पात्रों का चयन

# कचनार में भगवान की शोभायात्रा निकाली, धर्मसभा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 30 किलो मीटर दूर कचनार में रविवार को मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज के सानिध्य में जैन विमानोत्सव का आयोजन किया गया, इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर फरवरी में कचनार में होने वाले पंच कल्याणक महोत्सव को लेकर पात्रों का चयन किया गया।

मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज आरोन से विहार करते हुए कचनार पहुंचे हैं जहां उनके सानिध्य में भगवान की शोभा यात्रा का यह आयोजन किया गया। स्थानीय पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कचनार से भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ग्राम के कईं मार्गों से होकर निकली। जहां भगवान की आरती उतारी गई और श्रीफल भेंट किए गए। अशोकनगर शहर से भी बडी संख्या में भी श्रद्धालुजन कचनार पहुंचे। इसके अलावा राजपुर, आरोन,सिरोंज आदि स्थानों से भी श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में भाग लिया। यह शोभायात्रा बाद में धर्मसभा में तब्दील हो गई। जहां आचार्य श्री विद्यासागर महाराज और आचार्य समयसागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन जैन समाज अशोकनगर के अध्यक्ष राकेश कांसल, महामंत्री राकेश अमरौद, और अशोक टिंगू, महामंत्री मनोज भैंसरवास आदि ने किया। इस मौके पर भगवान की शांतिधारा और अभिषेक का आयोजन किया गया।

### मंदिर में 3 प्रतिमाएं भी विराजमान होंगी कुल 11 प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा होगी

कचनार अशोकनगर जिले का प्राचीन गांव है यहां भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी की चैमुखी आर्कषक प्रतिमा है। यहां मंदिर का नए सिरे से जीर्णोद्धार अरबिंद जैन, पदम जैन, रवि जैन और सभी कचनार निवासियों के सहयोग से किया गया है। यहां मंदिर के पंच कल्याणक होना है इस हेतु यहां पर भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी की 7 फीट ऊंची प्रतिमा के साथ 2 अन्य प्रतिमाएं भी विराजमान होना है। इसके अलावा 8 अन्य प्रतिमाओं के भी पंच कल्याणक होना हैं जो आसपास के मंदिरों में स्थापित होंगी।





### पंच कल्याणक के लिए पात्रों का चयन

इस मौके पर पंच कल्याणक हेतु अयोध्या नगरी बनाई जाएगी और पात्रों का चयन भी इस मौके पर किया गया जिसमें भगवान के माता पिता बनने का सौभाग्य बंदना संजीव जैन अशोकनगर को प्राप्त हुआ। सौधर्म इन्द्र का सौभाग्य सोनम सचिन जैन कचनार को प्राप्त हुआ। धन कुबेर बनने का सौभाग्य, अंकित कुमार कचनार परिवार को मिला और महायज्ञ नायक का सौभाग्य पदम जैन, रोहित जैन कचनार परिवार को प्राप्त हुआ। यह पंच कल्याणक कचनार में 1 से 6 फरवरी तक मुनि दुर्लभ सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित होंगे।

स्वास्थ्य विभाग के 7 सदस्यीय दल ने प्रस्तुत की रिपोर्ट, बताया कुछ ही सामान जला, कम क्षति

# अस्पताल आगजनी में जांच टीम बोली कम हुआ नुकसान, दस्तावेज सुरक्षित!

आमजनों की मांग-अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से करवाई जाए पूरे मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल परिसर के स्टोर रूम में विगत दिनों हुई आगजनी की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे मामले की जांच के लिए गठित टीम को कोई ज्यादा नुकसान नजर नहीं आया है। स्वास्थ्य विभाग के दवा स्टोर में शुक्रवार को हुई आगजनी की घटना के बाद रविवार को जांच समिति ने राहत भरी रिपोर्ट पेश की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा गठित विशेष समिति ने स्टोर का सूक्ष्म निरीक्षण किया जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि अस्पतालों में दवाइयों की सप्लाई पर इस घटना का कोई असर नहीं पड़ेगा।

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा की अध्यक्षता में गठित इस समिति में डॉ. एलपी भकोरिया, डॉ. राजीव हरिओध, डॉ. अमित कोहली, डॉ. महेंद्रपाल सिंह सहित फार्मासिस्ट लोकेन्द्र शाक्यवार और दिनेश पारिक शामिल थे। टीम ने रविवार को स्टोर की प्रत्येक रैक और रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। जांच का सकारात्मक पहलू यह है कि है अधिकांश स्टॉक सुरक्षित है। स्टोर में मौजूद कुल 186 रैकों में से केवल कुछ ही रैक का सामान आग की चपेट में आया था।



### वर्तमान रिकॉर्ड और दस्तावेजों के सुरक्षित होने का दावा

जांच टीम के अनुसार विभाग का वर्तमान रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण दस्तावेज पूरी तरह सुरक्षित हैं, जिससे ऑडिट और वितरण में कोई समस्या नहीं आएगी। अधिकांश दवाइयां और चिकित्सा उपकरण भी सुरक्षित पाए गए हैं। आगजनी के बावजूद जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में दवाइयों की सप्लाई की कोई बाधा नहीं आएगी। स्वास्थ विभाग प्रशासन ने अब प्राथमिकता के आधार पर स्टोर के प्रभावित हिस्से को दुरुस्त करने की योजना बनाई है।

### आमजन बोले निष्पक्षता से नहीं हुई जांच

जिला अस्पताल के सीएमएचओ स्टोर रूम में हुई इस आगजनी की घटना के बाद आमजनों द्वारा लाखों रुपए की दवाईयां सहित अन्य उपकरणों के जलने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। इसके साथ ही लोगों ने स्वतंत्र एजेंसी या प्रशासन के अन्य उच्चाधिकारियों से मामले की जांच करवाने की मांग रखी थी। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने अपने ही विभाग के जिम्मेदारों को जांच सौंपी जिसमें टीम को ज्यादा नुकसान नजर ही नहीं आया है। स्थानीय लोगों का जांच टीम की रिपोर्ट पूरी तरह से संदेहास्पद है।

इस मामले में न किसी को दोषी पाया गया है और न ही स्टोर रूम के पूरे रिकार्ड जलने की बात सामने आई है। ऐसे में लोगों ने राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से मांग रखी है कि इस पूरे मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग को छोड़कर अन्य विभाग के अधिकारियों से करवाई जाए ताकि पूरी हकीकत सामने आ सके।

### जल्द रिपेयर कर लेंगे

हमारे द्वारा गठित जांच टीम को ज्यादा रिकॉर्ड जला हुआ नहीं मिला। हम जल्द ही स्टोर रूम को रिपेयर कर लेंगे।

- शोभा पटेल, सीएमएचओ, राजगढ़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विरोध जताते हुए किया प्रदर्शन

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची और जिपं अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



25 दिसम्बर को पीपल चैक ब्यावरा पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण नगर पालिका ब्यावरा द्वारा समारोहपूर्वक किया गया, जो हर्ष का विषय है। साथ ही इस अवसर पर आयोजित समारोह में यह घोषणा की गई कि नगर का राजगढ़ रोड अब अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग होगा। जबकि राजगढ़ रोड सदैव से जवाहर मार्ग से जाना जाता है एवं शासकीय अभिलेख व नगर पालिका में उक्त मार्ग का नाम जवाहर मार्ग ही दर्ज है। इस संबंध में न तो नगर पालिका परिषद की बैठक में पूर्व में कोई चर्चा की गई थी, न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया था।

अतः यह दुख और खेद का विषय है कि जब उक्त मार्ग का नाम पूर्व से ही महान स्वतंत्रता सेनानी, आधुनिक भारत के निर्माता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू के नाम पर नामांकित है, तो उस मार्ग के नाम को परिवर्तित करने का प्रयास अनावश्यक व खेदपूर्ण है तथा स्व. पंडित नेहरू एवं स्व. अटल दोनों के महान व्यक्तित्व व गरिमा को ठेस पहुंचाता है।

स्व. पंडित नेहरू आजादी के संघर्ष में सर्वाधिक समय जेल में बिताने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं तथा आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका तथा विश्व स्तर पर उनके विचार एवं व्यक्तित्व की स्वीकार्यता कभी भुलाई नहीं जा सकती है। भाजपा की विचारधारा देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानियों और देश के निर्माण में योगदान देने वाले महानायकों की स्मृति को मिटाने पर आमादा है और यह प्रयास उसी श्रृंखला में है।

साथ ही नगर के पुराने अस्पताल परिसर में स्व. पंडित नेहरू का अति महत्वपूर्ण स्थल भी मौजूद है, जिसे भी संरक्षित और विकसित किए जाने की मांग इस ज्ञापन के माध्यम से हम मान्यवर से करते हैं।

ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग कि गई कि नगर के जवाहर मार्ग (राजगढ़ रोड) का नाम यथावत रखा जाए कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोदीया पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, मोहन लोधी, राजकुमार जाट, फूलसिंह जाटव, पप्पू बना , लक्ष्मीनारायण यादव, महेंद्र यादव, कपिल शिवहरे, ज्ञानु विजयवर्गीय, चैन सिंह गुर्जर गोपाल बना ज्ञानु विजयवर्गीय रचना भार्गव, गंगा चैहान, अशोक क्रांति, युनुस मोहम्मद आदि शामिल थे।

राजगढ़ के सराफा मार्केट में हुई चोरी लूट की घटना का मामला

# डकैती मामले के आरोपियों पर एक लाख 20 हजार का इनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों राजगढ़ मुख्यालय पर करीब 12-15 की संख्या में आए अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने सर्राफा मार्केट में डकैती को अंजाम दिया था। चोरी, चोरी के प्रयास एवं लूट की उक्त गंभीर घटनाओं की पतारसी के लिए पुलिस विभाग ने पांच विशेष टीमें गठित की हैं जो हर एंगल से इस मामले की पड़ताल में जुटी हुई हैं। इस मामले में आरोपियों का सुराग देने या पकड़वाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस महानिरीक्षक भोपाल अभय सिंह की अनुशंसा पर उक्त ईनाम राशि में बढ़ोतारी करते हुए हुए 1 लाख 20 हजार रुपए कर दिया गया है। जो कोई भी व्यक्ति इस प्रकरण में ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर आरोपियों को पकड़ा जा सके, उसे यह ईनाम राशि दी जाएगी। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा।


मध्यरात्रि राजगढ़ मुख्यालय पर मचाया आंतक, सराफा व्यापारियों की दुकानों पर निशाना

आधी रात सर्राफा साफ, 5 से 6 लाख का माल ले उड़े हथियारबंद बदमाश

खास बातें
- एक जिन व्यापारी के यहां चोरी हुई घटना के कुछ समय बाद अटैक से उनका निधन
- पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने किया मौका-मुआयना

हरिभूमि न्यूज राजगढ़

पुलिस की नाईट पेट्रोलिंग को एक बार फिर से धता बताते हुए राजगढ़ मुख्यालय पर बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि 15 से अधिक हथियारबंद अज्ञात डकैतों ने किला क्षेत्र में बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। इन बदमाशों ने दो सराफा कारोबारियों के यहां से करीब 5-6 लाख की नकदी, ज्वेलरी सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ किया। एक अन्य कारोबारियों के यहां भी ये सेंध लगाने के प्रयास में नाकामयाब रहे।

किला क्षेत्र में इन वारदातों को अंजाम देने के बाद ये डकैत/चोर इतने पर भी नहीं रुके और बांसवाड़ा क्षेत्र में एक युवक की बाईक चुरा ले गए। रात्रि करीब 3.30 पर हुई इस घटना की जानकारी लगते ही पूरे नगर में सुरक्षा के लिहाज से दहशत मच गई। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दुःखद यह भी हुआ कि एक जिन व्यापारी के यहां चोरी हुई उनका गुरुवार दोपहर को अचानक हृदयाघात से निधन हो गया।

रात 3 बजे लठ्ठ, हथियारों से लैस होकर पहुंचे बदमाश

राजगढ़ नगर के किला क्षेत्र में सराफा व्यापारी राजू सराफ के यहां सबसे पहले वारदात को अंजाम दिया गया। यहां बदमाशों ने उनकी दुकान का शटर उचकाकर करीब 4 लाख रुपए नकद एवं चांदी की ज्वेलरी चुराई। इसी मकान में सचिन सोनी की दुकान का ताला तोड़कर तिजोरी में रखी गुल्लक निकालकर उसमें रखे करीब 40 हजार रुपए व ज्वेलरी पर भी हाथ साफा कर दिया।

15 से अधिक की संख्या में आए इन बदमाशों ने समीप के मुकेश सोनी की दुकान पर भी हाथ साफ करने का प्रयास किया लेकिन इस बीच आसपास के निवासियों द्वारा चोर-चोर पुकारने से घबराए बदमाश जितना हाथ लगा उतना माल लेकर पुरानी कोतवाली के पास छारबाग वाले रास्ते से भाग खड़े हुए। इसके उपरान्त उन्होंने बांसवाड़ा मुक्तिधाम के समीप खड़ी युवक कमल मेवाड़े की बाईक भी चुरा ली।

शोर मचा तब भागे बदमाश

किला क्षेत्र में जब सभी बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे थे उसी समय मुर्तजा बोहरा को आहट आने पर जब उन्होंने घर से झांककर देखा तो उनके होश फाख्ता हो गए। हालांकि, उन्होंने धीरज नहीं खोया और तुरंत पुलिस को इत्तिला देने के साथ ही बड़ी तेज आवाज में चोर-चोर मचाया। इसके चलते सभी बदमाश भाग खड़े हुए। इस दौरान उनके द्वारा फेंके गए पत्थरों से मुर्तजा को भी कंधे पर चोट आई।

बांसवाड़ा क्षेत्र में युवकों ने दिखाया साहस

किला क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने के बाद जब ये बदमाश बांसवाड़ा क्षेत्र के रास्ते भाग रहे थे तब अमित मेवाड़े, कमल मेवाड़े, गोलू मेवाड़े, प्रकाश चैरासिया ने उनका सामना करने का प्रयास भी किया। इस दौरान बदमाश एक थैला भी आनन-फानन में मौके पर गिरा गए जिसे बाद में इन युवकों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

वारदात के कुछ घंटे बाद व्यापारी का निधन

किला क्षेत्र में जिन सुमित सोनी के यहां बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया था उनके पिता सुंदरलाल सोनी को जब इस की खबर मिली तो दोपहर करीब 2 बजे उन्हें हार्टअटैक आ गया। इस दौरान नवयुवक गौसेवा समिति के युवकों ने सीपीआर इत्यादि देकर उनकी जान बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन वे नहीं बच पाए।

इनका कहना है

घटना की पतारसी के लिए पांच विशेष टीमें गठित की गई है। सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्यों सहित अन्य सभी पहलुओं के आधार पर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। वे जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

### पुलिस ने दर्ज की हुई हैं 4 एफआईआर

उल्लेखनीय है कि 25 दिसंबर की मध्यरात्रि हथियारों से लैस बदमाश ने किला क्षेत्र में राजू सर्राफ, सचिन सोनी, मुकेश सोनी सहित एक अन्य की रिपोर्ट पर चोरी, लूट, लूट का प्रयास की धाराओं में एफआईआर दर्ज की हुई है। हथियारों से लैस होकर आए बदमाशों ने न केवल वारदात को अंजाम दिया बल्कि कुछ लोगों को घायल भी कर दिया था। इस वारदात के बाद सदमे में आए एक ज्वेलर की हृदयाघात से मृत्यु भी हो चुकी है। राजगढ़ नगर के स्थानीय लोगों द्वारा भी पुलिस से लगातार मांग की जा रही है मुख्यालय पर खुलेआम दहशत फैलाकर वारदात को अंजाम देने वाले इन बादमाशों को जल्द से जल्द पता लगाया जाना चाहिए।

पुलिस, प्रशासन के हस्तक्षेप के उपरान्त हो सका अंतिम संस्कार

# मुक्ति भी आसान नहीं, सरेड़ी में रोकी वृद्धा की अंतिम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मुख्यालय समीपस्थ सरेड़ी ग्राम में एक वृद्धा की अंतिम यात्रा में कुछ लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से व्यवधान डालने का मामला सामने आया है। मुक्तिधाम जा रही अंतिम यात्रा में हुए व्यवधान के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और हालात वाद-विवाद तक पहुंच गया। मामले की सूचना के बाद तहसीलदार अनिल शर्मा, टीआई अखिलेश वर्मा और पुलिस बल मौके पर पहुंचा तब कहीं जाकर बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार हो पाया। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला मुक्तिधाम मार्ग पर किए गए बेजा कब्जे से जुड़ा हुआ था लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात को सिरे से खारिज किया है।

सरेड़ी गांव निवासी मेथीबाई पत्नी शिवसिंह वर्मा का रविवार को देहावसान हुआ था। मेथीबाई की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए निकट के मुक्तिधाम ले जाया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने अंतिम यात्रा में रुकावट डाली और मौके पर तनाव जैसी स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी लगते ही तहसीलदार अनिल शर्मा पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। बाद में मुक्तिधाम मार्ग के अतिक्रमण को स्थानीय पंचायत द्वारा जेसीबी से साफ करवाया गया तब कहीं जाकर स्वर्गीय मेथीबाई का अंतिम संस्कार हो पाया।

हालांकि, बाद में प्रशासन द्वारा इस पूरे मामले में स्पष्टीकरण भी दिया गया है कि अंतिम यात्रा का रास्ता नहीं रोका गया था बल्कि श्मशान तक पहुंचने का मार्ग खराब होने के चलते ऐसी स्थिति निर्मित हुई। बाद में बगैर किसी विवाद के मृतिका बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार करवाया गया।

# हिंदू सम्मेलन की शोभा यात्रा के साथ ध्वजा रोहण निकला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सकल हिंदू समाज में धर्म चेतना जगाने नगर में 10दिवसीय कार्यक्रम चल रहे हैं,जिसका समापन चार जनवरी को होगा। रविवार दोपहर नगर में जन जागृति हेतु भूमि पूजन ध्वजा रोहन निकाला गया। भव्य शोभायात्रा के तारतम्य में शुक्रवार शनिवार हिंदू सम्मेलन के आयोजन में महिलाओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के मुख्य बाजार सहित लोधी मोहल्ला मेन मार्केट ब्यावरा रोड बस स्टेंड आदि क्षेत्र में भ्रमण कर जन जागृति हेतु घर घर आमंत्रण पत्र वितरित किये व प्रत्येक घर से महिलाओ को हिंदू सम्मेलन एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया ।

यहां बता दे कि 4 जनवरी रविवार को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारी इन दिनों नगर में जोरों पर चल रही है नगर को केसरिया ध्वज पताकाओ से सजाया गया है । शोभायात्रा रविवार दोपहर 12 बजे बस स्टेंड जीन मैदान से डीजे ढोल आतिशबाजी के साथ शुरू हुई ,इसके पहले क्षेत्रों से उप यात्रा आकर शामिल हुई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में पहुंचीं जहां पूर्ण विधिविधान के साथ भूमि पूजन व ध्वजा रोहन किया।

# ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसकी बुनियाद सत्य, अहिंसा, प्रेम और सौहार्द पर टिकी है। लोकतंत्र, समानता, न्याय और एकजुटता ही कांग्रेस की विचारधारा का मूल है। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना आजाद एवं लालबहादुर शास्त्री जैसे महान नेताओं के आदर्श कांग्रेस के पथ-प्रदर्शक रहे हैं। हमें गर्व है कि हम उस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हिस्सा हैं, जिसके नेताओं ने देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उक्त उद्गार पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेस पार्टी के 141वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कांग्रेस के गठन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 28 दिसंबर 1885 को ए.ओ. ह्यूम की पहल पर मुंबई के गोकुलदास संस्कृत कॉलेज मैदान में देशभर के राजनीतिक और सामाजिक विचारधाराओं के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर कांग्रेस की नींव रखी। डब्ल्यू.सी. बनर्जी इसके पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट आबिद हुसैन लोदी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसकी विचारधारा, अनुशासन और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण को सदैव प्राथमिकता दी है। उन्होंने वर्तमान राष्ट्रीय नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी देशहित में सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं।वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस को अडिग संकल्प और मजबूत इरादों के साथ जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष करना होगा, ताकि समाज के सभी वर्गों का विश्वास कांग्रेस को प्राप्त हो सके।कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, जिला महामंत्री प्रदीप सादानी, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, पूर्व अध्यक्ष समीर मेव, जिला सचिव निजाम कुरैशी, महेश मालवीय, बहादुर भाई, महेश सोनी, मुस्ताक अंसारी, रईस मंसूरी, शोएब हसन राही सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# धर्मध्वजाओं संग निकला जुलूस भूमि-ध्वजा पूजन किया संपन्न



**नरसिंहगढ़।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रस्तावित वृहद हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर में लगातार आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार 28 दिसंबर को नगर की चारों बस्तियों में धर्मध्वजा के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी बस्तियों से श्रद्धालु अपने-अपने नियत स्थलों पर एकत्रित हुए और सनातन धर्म की जय-जयकार के साथ शोभायात्रा के रूप में स्टेडियम फील्ड पहुंचे। यहां भव्य भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। जगदीश मंदिर बस्ती के अंतर्गत श्रद्धालु दोपहर 12 बजे पुरानी कोतवाली परिसर में एकत्रित हुए। यहां विधिवत सुंदरकांड पाठ एवं धर्मध्वजा पूजन के बाद धर्मध्वजा के साथ जुलूस निकाला गया, जो स्टेडियम फील्ड पहुंचा। आयोजन में सकल हिंदू समाज के साथ नारी शक्ति व मातृ शक्ति रही। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और अनुशासन का वातावरण देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इन्हीं कार्यक्रमों की कड़ी में आगामी 11 जनवरी को नगर में वृहद हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

नगर के सैकड़ों श्रद्धालु सहित प्रबुद्धजन हुए सम्मिलित, पदपूजन भी हुआ

# हरिओम तत्सत महाराज निर्वाण दिवस पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के प्रसिद्ध संत श्री 1008 हरिओम तत्सतजी महाराज के निर्वाण दिवस पर रविवार को नगर में चरण पूजा उपरान्त भव्य शोभायात्रा का आयोजन करवाया गया। स्थानीय बड़ा सत्यनारायण मंदिर में संतश्री के चरण पूजन उपरान्त उपरान्त आरंभ हुई शोभायात्रा में नगर के सैकड़ों श्रद्धालु एवं संतश्री के अनुयायी शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा इत्यादि के साथ भाव-भीना स्वागत, अभिनंदन किया गया।



### नगर व क्षेत्र में संतश्री के हजारों अनुयायी

प्रख्यात संत श्री हरिओम तत्सत महाराज के राजगढ़ नगर सहित क्षेत्र में हजारों की संख्या में अनुयायी मौजूद हैं। स्थानीय खोयरी महादेव धाम मंदिर परिसर में संत श्री हरिओम तत्सत महाराज की समाधि भी स्थित है। अपने निर्वाण के संबंध में संतश्री ने अनुयायियों को पहले ही बता दिया था कि वे कब और कितने समय पर मोक्ष प्राप्त करेंगे। उन्होंने अपने मोक्ष का स्थान खोयरी के घने जंगलों में शिव-मंदिर के समीप तय किया था। मोक्ष के एक दिन पूर्व ही वे वहां पहुंचकर साधना में लीन होने के उपरान्त ब्रम्हलीन हो गए थे।

आपको बताते चलें की नगर के पारायण चैक की स्थापना हरिओम तत्सत जी महाराज के प्रयासों से ही हुई थी। पुराने समय में बड़े सत्यनारायण मंदिर के सामने नगर में पारायण होता था। इसके बाद नए स्थल की आवश्यकता महसूस हुई और महाराजश्री ने तत्कालीन राजा से पारायण चैक वाले स्थान पर मंदिर निर्माण की आवश्यकता जाहिर की थी।

### हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

11 जनवरी 2026 अंजनीलाल बस्ती ब्यावरा में आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए सकल हिन्दू समाज द्वारा श्री अंजनीलाल धाम पर ध्वज स्थापना एवम भूमि पूजन किया गया,,,भूमि पूजन के अवसर पर भागवताचार्य पंडीत सतीश नागर ने अपने वक्तव्य में कहा ,,संगठित समाज ही शक्तिशाली समाज बन सकता है हिन्दू समाज भारत की आत्मा है,,जातिगत भेद भाव मिटाकर राष्ट्र एवम सनातन धर्म के लिए हिन्दू समाज को एक होकर आगे आना होगा,,,11 जनवरी को अधिक से अधिक हिन्दू समाज हिन्दू सम्मेलन में भाग ले,,इस अवसर पर,,कथा प्रवक्ता सतीश नागर भागवताचार्य अजय तिवारी द्वय के पावन सानिध्य एवम अंजनीलाल बस्ती के सकल हिन्दू समाज की उपस्थिति में भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

# एडवांस्ड किड्स एकेडमी में 14वां वार्षिक उत्सव हुआ आयोजित

**जीरापुर।** नगर के एडवांस्ड किड्स एकेडमी का 14वां वार्षिक उत्सव “विरासत अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं श्री गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर, विशेष अतिथि मनीष सक्सेना को स्कूल संचालक गिरिराज गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ई के जोशी, ने स्वागत भाषण के साथ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की



शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्कूल गीत एवं ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति ने समां बांध दिया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने विशेष रूप से अभिभावकों का मन जीत लिया। नर्सरी के बच्चों की अभिभावकों हेतु विशेष प्रस्तुति, एलकेजी का बॉलीवुड डांस, यूकेजी का मस्ती डांस, कक्षा पहली का कार्टून मेडली डांस एवं कक्षा दूसरी का ट्विन रिदम डांस दर्शकों के लिए अत्यंत आकर्षक रहे। विद्यालय के उप-प्राचार्य पुष्कर पटेल द्वारा ज्ञापन के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।